आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–25 सितम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में पांच दिवसीय इंटरनेशनल ट्रेड शो– के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच कार्यों के क्रियान्वयन का तालमेल बेजोड़ है। इसमें भ्रष्टाचार और अकुशलता के लिए कोई जगह नहीं है। योगी जी के निरंतर प्रयासों से उत्तर प्रदेश तेजी से उद्यम प्रदेश बन रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सभी क्षेत्रों में विकास और नवाचार की विभिन्न गतिविधियों को कर रहा है। दो साल में हमारी अर्थव्यवस्था जर्मनी और जापान से आगे बढ़कर तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी के साथ ही उत्तर प्रदेश एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला भी राज्य है। एक सर्वे के अनुसार प्रदेश के 75 जिलों में 96 लाख एमएसएमई यूनिट है। कृषि के बाद उत्तर प्रदेश में यह सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। 29 सितंबर तक चलने वाले इस ट्रेड शो में रक्षा, कृषि, ई–कॉमर्स, आईटी, जीआई, शिक्षा, अवस्थापना, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, डेयरी उद्योग जैसे विभिन्न विभागों के 25 सौ स्टॉल लगाए गये हैं।

इस वर्ष यूपी–आईटीएस में 70 देश प्रतिभाग कर रहे हैं साथ ही इसमें 4 लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी और प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी सहित प्रदेश सरकार के कई मंत्री, प्रशासनिक अधिकारी तथा अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

****

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज वाराणसी स्थित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 46वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुई। इस अवसर पर राज्यपाल ने वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को स्वर्ण पदक प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आज शिक्षा के साथ ही हर क्षेत्र में लड़किया आगे है। आज व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, हमारे विद्यार्थियों को इसको अपनाना है। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक ज्ञान सिखाया नही जाता, यह धीरे धीरे आता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली के सी.एम.डी. आर. के. त्यागी ने कहा कि बुद्ध के समय से ही काशी ज्ञान की राजधानी रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आपके कठिन परिश्रम का फल मिला है। आपको अपने मूल्यों को बचा कर रखना है। जिससे उसका सकारात्मक उपयोग हो सके।

****

एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती आज प्रदेश भर में मनाई जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों की ओर से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आज लखनऊ के चारबाग स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि अंत्योदय की प्रेरणा पंडित दीनदयाल उपाध्याय से मिलती है, उनके चिंतन में गांव, गरीब, किसान और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उन्नयन के साथ ही महिलाओं का स्वावलंबन भी है। उधर, कुशीनगर में राजकीय बौद्ध संग्रहालय द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सम्पूर्ण जीवन तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्त्व को छायाचित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। यह प्रदर्शनी 30 सितम्बर तक चलेगी। जौनपुर में भी भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई की ओर से खरका कालोनी स्थित दीनदयाल पार्क में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यापर्ण किया गया।

****

हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज यात्रा के लिए आवेदन की आखिरी समय सीमा को एक बार और आगे बढ़ाकर 30 सितंबर तक कर दिया है। इससे पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 23 सितंबर की गई थी। उत्तर प्रदेश हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि 23 सितंबर तक प्रदेश के 13,200 लोगों ने हज के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक लोग हज कमेटी की वेबसाइट ींरबवउउपजजममण्हवअण्पद पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए व्यक्ति के पासपोर्ट की वैधता 15 जनवरी 2026 तक होना जरूरी है।

****

जौनपुर जिले के केराकत विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक तुफानी सरोज पर संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। सपा के ब्लॉक अध्यक्ष विवेक यादव ने बरसठी थाने में एक शिकायति पत्र देकर विधायक तुफानी सरोज पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जिसके बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

****

संतान की लंबी आयु के लिए आज माताओं ने जीवित पुत्रिका पर्व का वर्त किया है। इस व्रत में महिलाएं निर्जला उपवास रहकर अपनी संतान के लिए प्रार्थना करती हैं। बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में भी गंगा और वरुणा नदी में बाढ़ के बावजूद व्रती महिलाओं ने तट पर भगवान जिउतवाहन की विधि विधान से पूजा अर्चना की और उनकी कथा सुनी।

****